PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Punjab Kesari, Delhi
Tue, 30 May 2017, Page 13
Width: 16.61 cms, Height: 14.24 cms, a4, Ref: 49.2017-05-30.93

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली, (वार्ता): विश्व बैंक ने भारत को दुनिया में सबसे तेजी गति से बढ़ने वाला अर्थव्यवस्था बताते हुये आज कहा कि आर्थिक बुनियाद मजबूत होने और सुधारी जारी रहने से चालू वित्त वर्ष में विकास दर 7.2 प्रतिशत पर और वर्ष 2019-20 में यह 7.7 प्रतिशत पर पहुंच सकता है। विश्व बैंक के भारत में निदेशक जुनैद अहमद ने आज यहां नयी रिपोर्ट जारी करते हुये कहा कि भारत दुनिया में अभी भी तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। जीएसटी के लागू होने से कारोबार करने पर लागत कम होगी और लॉजिस्टिक लागत भी घटेगी। इसमें साथ ही महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से भारत को दो अंकों की विकास दर हासिल करने में मदद मिलेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि नोटबंदी वर्ष 2016-17 की प्रारंभ में भारतीय अर्थव्यवस्था में सुस्ती आ रही थी और नोटबंदी में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता है। अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए बेहतर मानसून की जरूरत है लेकिन नोटबंदी के कारण अर्थव्यवस्था पर तीसरी तिमाही में थोड़ा असर हुआ था। नोटबंदी के कारण अचानक नकदी की तंगी हो गयी जिससे तीसरी तिमाही में विकास दर 7.0 प्रतिशत पर रही जबकि पहली तिमाही में यह 7.3 प्रतिशत रही थी। इसके मद्देनजर वर्ष 2016-17 में विकास पर थोड़ा असर पड़ सकता है और यह 6.8 प्रतिशत रह सकती है। हालांकि चालू वित्त वर्ष में यह 7.2 प्रतिशत पर और वर्ष 2019-20 में यह 7.7 प्रतिशत पर पहुंच सकती है।

विश्व बैंक का दावा

- चालू वित्त वर्ष में विकास दर 7.2 प्रतिशत रहेगी

बैंक ने यहहां जारी अपनी एक नयी रिपोर्ट में कहा कि वस्तु एवं सेवा कर(जीएसटी) सही दिशा में बढ़ रहा है और चालू वित्त वर्ष में दूसरी तिमाही में लागू होने वाला है और इससे अर्थव्यवस्था को गति मिलने का अनुमान है। हालांकि उसने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र पर गैर निष्पादित परिसंपत्तियों को बढ़े बोझ के कारण निवेश में वृद्धि सुस्त रहेगी।